>

Title: Need to include the people living in the forest areas in BPL list.

श्री प्रदीप माझी (नवरंगपुर): सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में जो लोग रहते हैं, उनके पास अन्य कोई चारा नहीं होता है, वे सिर्फ जंगल की लकड़ी और जंगल की थोड़ी बहुत जमीन में खेती-बाड़ी करके अपना जीवनयापन करते हैं।

हमारी आपके माध्यम से सरकार से रिक्वैस्ट है कि आज बीपीएल का सर्वे चारों तरफ चल रहा है और यह उड़ीसा में भी चल रहा है। इसलिए जंगल में जितने भी आदिवासी और फॉरेस्ट ड्वैलर्स हैं, चाहे वे किसी भी जाति या धर्म के हों, उन सबको बीपीएल सर्वे लिस्ट में लिया जाए और उन्हें सारी सरकारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।